सर्वोच्च प्राथमिकता / अनुस्मारक

पत्र संख्या-स्था-6-सामान्य मासिक जनशक्ति सूचना // 2017-18 // 2728 **// वाणिज्य कर**

प्रेषक,

कमिश्नर, वाणिज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

(गाजियाबाद जोन द्वितीय, सहारनपुर जोन सहारनपुर, अलीगढ़ जोन अलीगढ़ एवं आगरा को छोड़कर)

(स्थापना अराजपत्रित अनुभाग) लखनऊ / दिनांक / 09 / अगस्त,2017

विषय - चयन वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 की रिक्त एवं सम्भावित रिक्तियों के सम्बन्ध में समय से अधियाचन प्रेषित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक मुख्यालय के पत्र संख्या-2635 दिनांक 03-08-2017 के क्रम में अनुस्मारक पत्र संख्या-2671 दिनांक 04-08-2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपके अधीनस्थ कार्यालयों के अन्तर्गत वर्ष 2017-18 (01 जुलाई 2017 से 30 जून 2018 तक की अवधि)एवं चयन वर्ष 2018-19 (01 जुलाई 2018 से 30 जून 2019 तक की अवधि) तक सेवानिवृत्त के फलस्वरुप होने वाली रिक्तियों का आकलन करा कर वांछित सूचना निर्धारित प्रारुप में 08-08-2017 तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि **(गाजियाबाद जोन द्वितीय गाजियाबाद, सहारनपुर जोन सहारनपुर, अलीगढ़ जोन अलीगढ़ एवं आगरा को छोड़कर** अन्य किसी जोन से संवर्गवार / कैडरवार जैसे- वैयक्तिक सहायक ग्रेड-1 / 2 / आशुलिपिक, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए / बी, एवं वाहन चालक विशेष ग्रेड, ग्रेड-1, 2, 3 व 4 आदि सूचना निर्धारित प्रारुप में नहीं उपलब्ध करायी गई है, जिससे शासन द्वारा अपेक्षित सीधी भर्ती के रिक्त पदों के अधियाचन सम्बन्धी सूचना प्रेषित करने में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है।

अत: इस सम्बन्ध में आपसे अनुरोध है कि कृपया अपने अधिक्षेत्र के सम्भागों से वांछित सूचना प्राप्त कर उसे संकलित कराकर **पत्रांक-2635 दिनांक 03-08-2017 के साथ संलग्न निर्धारित प्रारुप** में कैडरवार कार्यरत कर्मचारियों की सूचना **फैक्स के माध्यम से दिनांक 11-08-2017 तक प्रत्येक दशा में मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

उक्त के अतिरिक्त अराजपत्रित श्रेणी के विभिन्न वेतनमानो में कार्यरत कर्मचारियों की अद्यतन स्थिति की सूचना संकलित कराकर निर्धारित प्रारुप में ही प्रत्येक माह की 05 तारीख तक निश्चित रुप से मुख्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(वीरेन्द्र नारायण वर्मा)
डिप्टी कमिश्नर (स्था0अराज0अनु0) वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।

प्रतिलिपि- ज्वाइन्ट कमिश्नर (आई0टी0) अनुभाग वाणिज्य कर, मुख्यालय लखनऊ को एक प्रति इस आशय से प्रेषित कि कृपया संदर्भित पत्र को विभागीय वेबसाइट पर आज ही अपलोड कराने का कष्ट करें।

09.8.17

डिप्टी कमिश्नर (स्था0अराज0अनु0) वाणिज्य कर
मुख्यालय, लखनऊ।